कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री रवि कुमार पालीवाल ग्राम पोस्ट बिवाई ,जिला दौसा 303315 राज.

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (एसडीएम) बांदीकुई, जिला दौसा
अपील सं0 29/2019

निर्णय दिनांक : 15.07.2019

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (एसडीएम) बांदीकुई, जिला दौसा को सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रेषित कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर अपीलांट ने यह अपील इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी,((एसडीएम) बांदीकुई, जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0/कोर्ट/आरटीआई/2019/1191 दिनांक 26.06.2019 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी, (एसडीएम) बांदीकुई, जिला दौसा द्वारा उनके पत्रांक सू0अ0/2019/568–569 दिनांक 04.07.2019 द्वारा इस कार्यालय को अवगत कराया गया है कि पंचायत निर्वाचन मे प्रयुक्त मतदाता सूची मतदान दल द्वारा सील्ड कर जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) दौसा के कार्यालय मे जमा करवा दी जाती है। संबंधित मतदाता सूची एस डी एम कार्यालय मे उपलब्ध नही है। जिसकी सूचना लोक सूचना अधिकारी, (एसडीएम) बांदीकुई, जिला दौसा द्वारा आवेदक को उपलब्ध करवा दी गई है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वॉछित सूचना के सम्बन्ध मे जानकारी उपलब्ध करवाई जा चुकी है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है। अतः अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख्र भण्डार हो।

(अविचल चतुवेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर,दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official